2022

HINDI

(Honours Generic/Regular)

Paper : HIN–HG/RC–3016

(आधुनिक हिन्दी कविता)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

   (क) 'वैदेही बनवास' किस कवि की रचना है?

   (ख) हरिऔध की किस रचना को खड़ीबोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य होने का गौरव प्राप्त है?

   (ग) 'साकेत' किस कवि की रचना है?

   (घ) मैथिलीशरण गुप्त को 'राष्ट्रकवि' की पदवी किसने दी थी?

   (ङ) माखनलाल चतुर्वेदी को किस काव्यग्रंथ के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?

   (च) माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा संपादित एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(छ) 'छायावादोत्तर काव्य-संग्रह' के संपादक का नाम लिखिए।

(ज) 'आँसू' किसका काव्य-संग्रह है?

(झ) प्रसाद की अंतिम काव्यकृति का नाम क्या है?

(ञ) 'मधुशाला' किसकी रचना है?

(ट) 'बच्चन' का पूरा नाम क्या है?

(ठ) 'आधुनिक युग की मीरा' हिन्दी की किस कवयित्री को कहा जाता है?

(ड) महादेवी वर्मा को 'हिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वती' किसने कहा है?

(ढ) 'तार सप्तक' के संपादक कौन हैं?

(ण) 'कितनी नावों में कितनी बार' किसकी कृति है?

(त) धर्मवीर भारती द्वारा संपादित 'धर्मयुग' पत्रिका किस शहर से प्रकाशित होती थी?

(थ) मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे ______ मत!

खाली स्थान की पूर्ति कीजिए।

(द) 'ठण्डा लोहा' किस कवि की रचना है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'आँख का आँसू' शीर्षक कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

(ख) "अब वह समय निकट ही है जब,
अवधि पूर्ण होगी वन की"

इन पंक्तियों के माध्यम से कवि का क्या तात्पर्य है?

(ग) 'युग-पुरुष' कविता में किन पर्वतों एवं नदियों के नाम आये हैं?

(घ) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) "पर बोलो टूटे प्यालों पर
कब मदिरालय पछताता है।"

इन पंक्तियों के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं?

(च) 'हालावाद' से आप क्या समझते हैं?

(छ) 'साँप' कविता के माध्यम से कवि ने किस पर व्यंग्य किया है?

(ज) 'टूटा हुआ पहिया' किसका प्रतीक है?

(झ) 'रोटी और संसद' कविता में उल्लिखित तीसरा आदमी कौन है?

(ञ) महादेवी वर्मा की किन्हीं दो काव्य-कृतियों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) जयशंकर प्रसाद नाविक को भुलावा देकर कहाँ ले चलने को कहते हैं?

(ख) "तू जल-जल जितना होता क्षय,
वह समीप आता छलनामय;
मधुर मिलन में मिट जाना तू,
उसकी उज्ज्वल स्मित में घुल-खिल!"

इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) "किस व्रत में है व्रती वीर यह
निद्रा का यों त्याग किये,
राजभोग्य के योग्य विपिन में
बैठा आज विराम लिये।"

इन पंक्तियों के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?

(घ) 'जो बीत गई सो बात गई' कविता में किन दृष्टांतों के द्वारा कवि ने अपनी बात स्पष्ट की है?

(ङ) "तेरे कंधों लहरावे, प्रतिभा की खेती,
तेरे हाथों चले नाव जग संकट खेती।"

इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(च) 'रोटी और संसद' कविता के माध्यम से कवि ने समाज की किस समस्या को उभारा है?

(छ) अभिमन्यु के संदर्भ में टूटा हुआ पहिया कैसे काम आ सकता है? पठित कविता के आधार पर लिखिए।

(ज) पठित कविताओं के आधार पर कविवर प्रसाद की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×2=20

(क) "झाँकता फिरता है कोई क्यों कुआँ?
हैं फँसे इस रोग में छोटे-बड़े।
है इसी दिल से तो वह पैदा हुआ,
क्यों न आँसू का असर दिल पर पड़े।"

(ख) "उठ ओ युग की अमर साँस, कृति की नव आशा
उठ ओ यशोविभूति, प्रेरणा की अभिलाषा,
तेरी आँखों सजे विश्व की सीमा-रेखा,
अँगुलियों पर रहे, जगत् की गति का लेखा।"

(ग) "पथ न भूले, एक पग भी,
घर न खोये, लघु विहग भी,
स्निग्ध लौ की तुलिका से
आँक सबकी छाँह उज्ज्वल।"

(घ) "पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुवन शोर मचाता है
जो बीत गई सो बात गई।"

(ङ) "अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!"

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'झरना' शीर्षक कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'रोटी और संसद' कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'पंचवटी में लक्ष्मण' शीर्षक कविता में निहित काव्य-सौंदर्य पर आलोकपात कीजिए।

(घ) पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की काव्य-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'साँप' शीर्षक कविता की कलापक्षीय विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

★★★